2018/00119

फर्द अहकाम

(नियम 26)

न्यायालय जिला कलक्टर, सिरोही

प्रार्थी / अपीलांट	बनाम	अप्रार्थी / रेस्पोडेन्ट
श्री शंकर लाल पुत्र श्री खुमाजी घांची निवासी नितोडा तहसील पिण्डवाडा जिला सिरोही		लोक सूचना अधिकारी अतिरिक्त कलक्टर, सिरोही

किस्म मुकदमा– अपील अन्तर्गत धारा 19 आर.टी.आई. एक्ट 2005

मुकदमा नं. 76 वर्ष 2018

दिनांक हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नम्बर व तारीख जो इस हुक्म की तामिल में जारी हुए
21.12.2018	अपीलांट ने यह प्रथम अपील रेस्पोडेन्ट के विरूद्ध सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6 के तहत उनके द्वारा मांगी गई सूचना उपलब्ध नही कराने से धारा 19 के तहत प्रस्तुत की गई । अपीलांट की अपील दर्ज रजिस्टर की जावे । अपीलांट द्वारा अपनी अपील में निवेदन किया गया हैं कि उसके द्वारा सहायक लोक सूचना अधिकारी जिला परिषद् सिरोही को एक प्रार्थना पत्र पेश कर न्यायालय जिला कलक्टर के आदेश क्रमांक /कोर्ट /99/638 दिनांक 21.07.1999 के आदेश की प्रमाणित प्रति की सूचना सहायक लोक सूचना अधिकारी जिला परिषद्, सिरोही से दिलाये जाने का निवेदन किया गया था । जिनके द्वारा जरिये पत्र क्रमांक 27 दिनांक 25.04.2018 को उक्त सूचना इस कार्यालय से संबंधित होने से प्रार्थना पत्र अग्रेषित किया गया। किन्तु निर्धारित समयावधि में उसे चाही गई सूचना उपलब्ध नही कराई गई हैं । मैने पत्रावली का अवलोकन किया गया तो पाया गया कि अपीलांट द्वारा निर्धारित शुल्क रूपये 10 जमा करा दिये है। अपीलांट द्वारा सहायक लोक सूचना अधिकारी को दिनाँक 12.10.2018 को एक प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया कि न्यायालय जिला कलक्टर के आदेश क्रमांक /कोर्ट /99/638 दिनांक 21.07.1999 के आदेश की प्रमाणित प्रति की सूचना सहायक लोक सूचना अधिकारी जिला परिषद्, सिरोही से दिलाये जाने का निवेदन किया गया था । जिनके द्वारा जरिये पत्र क्रमांक 27 दिनांक 25.04.2018 को उक्त सूचना इस कार्यालय से संबंधित होने से प्रार्थना पत्र अग्रेषित किया गया। इस प्रकार अपीलांट को संबंधित चाही गई समस्त सूचना उन्हे निर्धारित समयावधि में उपलब्ध नही कराई गई है। अभिलेख शाखा से जानकारी करने पर पाया कि चाहा गया रेकर्ड नष्टीकरण हो चुका है. रेकर्ड उपलब्ध नही होने से अपीलांट की अपील खारिज की जाती हैं । अपीलांट चाहे तो सक्षम अपील अधिकारी को अपील प्रस्तुत करें। पत्रावली फैसल शुमार होकर नंबर से कम हो । (अनुपमा जोरवाल) जिला कलक्टर, सिरोही	

Scanned by CamScanner